आर. रवि कन्नन को मिला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में असम के कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (CCHRC) के निदेशक, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट **पद्मश्री डॉ. आर. रवि कन्नन** को **वर्ष 2023** का प्रतिष्ठित **रेमन मैग्सेसे पुरस्कार** प्रदान किया गया।

- उन्हें यह पुरस्कार जन-केंद्रित तथा गरीबों के कल्याण **(देखभाल करने वालों के लिये निशुल्क उपचार, भोजन, आवास तथा रोज़गार की सुविधा)** हेतु कार्यक्रमों के माध्यम से असम में कैंसर के उपचार में क्रांति लाने हेतु प्रदान किया गया।

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से संबंधित मुख्य तथ्य:

- **परिचय:**
  - इसे वर्ष 1957 में **एशिया के सर्वोच्च सम्मान तथा प्रमुख पुरस्कार** के रूप में स्थापित किया गया।
  - यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है **जो अपनी पृष्ठभूमि की परवाह किये बिना एशिया के लोगों की सेवा में असाधारण भावना प्रदर्शित करते हैं।**
  - यह पुरस्कार प्रतिवर्ष **31 अगस्त** को प्रदान किया जाता है जो कि **फिलीपींस गणराज्य के तीसरे राष्ट्रपति, रेमन मैग्सेसे** के जन्मदिन को चिह्नित करता है, जिन्होंने इस पुरस्कार की स्थापना में प्रेरणास्त्रोत की भूमिका निभाई थी।
  - पुरस्कार विजेताओं को एक प्रमाणपत्र, रेमन मैग्सेसे की उभरी हुई छवि वाला एक पदक तथा नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।
  - यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर **एशिया के नोबेल पुरस्कार के समकक्ष** माना जाता है।
- **मान्यीकरण की श्रेणियाँ:**
  - आरंभ में इस पुरस्कार में छह श्रेणियाँ- "सरकारी सेवा", "सार्वजनिक सेवा", "सामुदायिक नेतृत्व", "पत्रकारिता, साहित्य और रचनात्मक संचार कला", "शांति तथा अंतर्राष्ट्रीय समझ" व "उभरता नेतृत्व" शामिल थीं।
  - हालाँकि वर्ष 2009 के बाद, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार अब इमर्जेंट लीडरशिप को छोड़कर, निश्चित पुरस्कार श्रेणियों में नहीं दिया जा रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/r-ravi-kannan-wins-ramon-magsaysay-award-2023